**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : B–ABPA–P–KOR** | **Test Booklet Series**

CDS Exam(I):2016

# TEST BOOKLET

## GENERAL KNOWLEDGE

# A

*Time Allowed : Two Hours* | *Maximum Marks : 100*

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response, which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY THE CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. Which one of the following is considered as 'good cholesterol' with reference to individuals facing the risk of cardio-vascular diseases and hypertension ?

(a) High Density Lipoprotein (HDL)

(b) Low Density Lipoprotein (LDL)

(c) Triglyceride

(d) Fatty acids

2. Which of the following pairs of vitamin and disease is / are correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Vitamin A | : | Rickets |
| 2. | Vitamin $B_1$ | : | Beriberi |
| 3. | Vitamin C | : | Scurvy |

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

3. The rate of change of momentum of a body is equal to the resultant :

(a) energy

(b) power

(c) force

(d) impulse

4. After a hot sunny day, people sprinkle water on the roof-top because :


(a) water helps air around the roof-top to absorb the heat instantly

(b) water has lower specific heat capacity

(c) water is easily available

(d) water has large latent heat of vaporisation

5. Consider the following map of India :



The areas marked in the map given above account for the production of which one of the following cash crops ?

(a) Cotton

(b) Groundnut

(c) Sugarcane

(d) Tobacco

6. Pir Panjal Range in the Himalayas is a part of :

(a) Shiwalik

(b) Trans Himalaya

(c) Central Himalaya

(d) Lesser Himalaya

7. Consider the following statements regarding laterite soils of India :

1. Laterite soils are generally red in colour
2. Laterite soils are rich in nitrogen and potash
3. Laterite soils are well developed in Rajasthan and UP
4. Tapioca and cashew nuts grow well in this soil

Which of the statements given above is / are correct?

(a) 1 only

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 4



(Contd.)

1. हृद्‌वाहिका रोग और अतिरक्तदाब के खतरों का सामना कर रहे व्यक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'अच्छा कोलेस्टेरॉल' माना जाता है ?

(a) उच्च-घनत्व लिपोप्रोटीन (HDL)

(b) निम्न-घनत्व लिपोप्रोटीन (LDL)

(c) ट्राइग्लिसरॉइड

(d) वसीय-अम्ल

2. विटामिन और रोग के निम्नलिखित युग्मों में कौनसा/से सही सुमेलित है/हैं ?

1. विटामिन A : रिकेट्स
2. विटामिन $B_1$ : बेरी-बेरी
3. विटामिन C : स्कर्वी

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

3. किसी पिण्ड के संवेग परिवर्तन की दर किसके बराबर होती है ?

(a) परिणामी ऊर्जा

(b) परिणामी शक्ति

(c) परिणामी बल

(d) परिणामी आवेग

4. किसी गर्म आतप दिवस के पश्चात् लोग छतों पर जल छिड़कते हैं, क्योंकि :


(a) जल छत के आस-पास की वायु की ऊष्मा को तुरंत अवशोषित करने में सहायक है।

(b) जल की विशिष्ट ऊष्मा-धारिता निम्नतर होती है।

(c) जल आसानी से उपलब्ध है।

(d) जल की वाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा अधिक होती है।

5. नीचे दिये गये भारत के मानचित्र पर विचार कीजिये :



ऊपर दिये गये मानचित्र में अंकित क्षेत्र निम्नलिखित में से किस एक नकदी फसल के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं ?

(a) कपास

(b) मूँगफली

(c) गन्ना

(d) तंबाकू

6. हिमालय की पीर पंजाल पर्वतमाला किसका भाग है ?

(a) शिवालिक

(b) पार हिमालय

(c) केन्द्रवर्ती हिमालय

(d) निम्न हिमालय

7. भारत की लैटेराइट मृदाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लैटेराइट मृदाएं सामान्यत: लाल रंग की होती हैं
2. लैटेराइट मृदाओं में नाइट्रोजन और पोटाश की प्रचुरता होती है
3. लैटेराइट मृदाएं राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सुविकसित हैं
4. इस मृदा में टैपियोका और काजू की उपज अच्छी होती है

ऊपर दिये गये कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2 और 4

8. Which of the following statements regarding Mediterranean and Monsoon climate is / are correct ?

1. Precipitation in Mediterranean climate is in winter while in Monsoon climate it is mostly in summer
2. The annual range of temperature in Mediterranean climate is higher than the Monsoon climate
3. Rainy and dry seasons are found in both the climates

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

9. The handle of pressure cookers is made of plastic because it should be made non-conductor of heat. The plastic used there is the first man-made plastic, which is :

(a) Polythene
(b) Terylene
(c) Nylon
(d) Bakelite

10. Methyl Isocyanate gas, which was involved in the disaster in Bhopal in December 1984, was used in the Union Carbide factory for production of :

(a) Dyes
(b) Detergents
(c) Explosives
(d) Pesticides

11. The Germplasm is required for the propagation of plants and animals. Germplasm is the :

1. genetic resources
2. seeds or tissues for breeding
3. egg and sperm repository
4. a germ cell's determining zone

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only
(d) 2 and 4

12. Dengue virus is known to cause low platelet count in blood of patient by :

1. interfering in the process of platelet production in bone marrow
2. infecting endothelial cells
3. binding with platelets
4. accumulating platelets in intestine

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 3 and 4
(d) 1, 2 and 3

13. The SI unit of mechanical power is :

(a) Joule
(b) Watt
(c) Newton-second
(d) Joule-second

14. Two systems are said to be in thermal equilibrium if and only if :

(a) there can be a heat flow between them even if they are at different temperatures
(b) there cannot be a heat flow between them even if they are at different temperatures
(c) there is no heat flow between them
(d) their temperatures are slightly different

15. 'German silver' is used to make decorative articles, coinage metal, ornaments etc. The name is given because :

(a) it is an alloy of copper and contains silver as one of its components
(b) Germans were the first to use silver
(c) its appearance is like silver
(d) it is an alloy of silver

16. Plants contain a variety of sterols like stigmasterol, ergosterol, sitosterol etc., which very closely resemble cholesterol. These plant sterols are referred as :

(a) Phytosterols
(b) Calciferols
(c) Ergocalciferols
(d) Lumisterols



(Contd.)

8. भूमध्यसागरीय और मानसून जलवायु के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. भूमध्यसागरीय जलवायु में वर्षण शीतकाल में होता है, जबकि मानसून जलवायु में यह अधिकतर ग्रीष्मकाल में होता है
2. भूमध्यसागरीय जलवायु में, मानसून जलवायु की अपेक्षा, तापमान का वार्षिक परिसर अधिक होता है
3. दोनों ही जलवायुओं में वर्षा ऋतु और शुष्क ऋतु होती है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

9. प्रेशर कुकरों का हैंडल प्लास्टिक का बना होता है, क्योंकि इसको ऊष्मा का कुचालक बनाया जाना चाहिए। इसमें कौनसा प्लास्टिक प्रयुक्त होता है, जो कि प्रथम मानव-निर्मित प्लास्टिक है ?

(a) पॉलिथीन
(b) टैरीलीन
(c) नायलॉन
(d) बेकेलाइट

10. मेथिल आइसोसायनेट गैस, जिसके कारण दिसंबर 1984 में भोपाल में आपदा हुई थी, यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में किसके उत्पादन के लिए प्रयुक्त होती थी ?

(a) रंजक (डाई)
(b) अपमार्जक (डिटर्जेंट)
(c) विस्फोटक
(d) पीड़कनाशी

11. पादपों और प्राणियों में प्रवर्धन के लिए जननद्रव्य (जर्मप्लाज़्म) की आवश्यकता होती है। जननद्रव्य क्या होता है ?

1. आनुवंशिक संसाधन
2. प्रजनन के लिए बीज या तंतु
3. अंड और शुक्राणु आधान
4. किसी जनन कोशिका का निर्धारण जोन

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 2 और 4

12. डेंगू विषाणु किसके द्वारा रोगी के रक्त में पट्टिकाणु गणना को कम करने के लिए जाना जाता है ?

1. अस्थि मज्जा में पट्टिकाणुओं के उत्पादन की प्रक्रिया में व्यतिकरण कर
2. एन्डोथीलियल कोशिकाओं में संक्रमण कर
3. पट्टिकाणुओं के साथ बंधकर
4. आंत्र में पट्टिकाणुओं का संचय कर

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) 3 और 4
(d) 1, 2 और 3

13. यांत्रिक ऊर्जा की SI इकाई क्या है ?

(a) जूल
(b) वाट
(c) न्यूटन-सेकण्ड
(d) जूल-सेकण्ड

14. दो निकाय तापीय साम्य में कहे जाते हैं, यदि और केवल यदि :

(a) उनके विभिन्न तापमानों पर होने पर भी उनके बीच ऊष्मा प्रवाह हो सकता हो
(b) उनके विभिन्न तापमानों पर होने पर भी उनके बीच ऊष्मा प्रवाह नहीं हो सकता हो
(c) उनके बीच कोई ऊष्मा प्रवाह न हो
(d) उनके तापमान थोड़े भिन्न हों

15. 'जर्मन सिल्वर' का उपयोग सजावटी वस्तुओं, मुद्रा धातु, आभूषणों आदि के बनाने में होता है। इसको यह नाम देने का कारण क्या है ?

(a) यह ताम्र की मिश्र धातु है और इसमें चाँदी एक घटक के रूप में होती है
(b) चाँदी का उपयोग सर्वप्रथम जर्मनों ने किया
(c) यह देखने में चाँदी जैसी होती है
(d) यह चाँदी की मिश्रधातु है

16. पादपों में स्टिगमैस्टेरॉल, अर्गोस्टेरॉल, साइटोस्टेरॉल आदि जैसे विभिन्न स्टेरॉल होते हैं, जो कॉलेस्टेरॉल से अति निकट सादृश्य रखते हैं। ये पादप स्टेरॉल क्या कहलाते हैं ?

(a) फाइटोस्टेरॉल
(b) कैल्सिफेरॉल
(c) अर्गोकैल्सिफेरॉल
(d) ल्यूमिस्टेरॉल

17. With which one of the following countries, India has signed an MoU under the International Cooperation on Brahmaputra and Sutluj rivers ?
(a) Pakistan
(b) China
(c) Bangladesh
(d) Nepal

18. Headquarters of which one among the following Railway Zones in India is situated at the highest elevation from the mean sea level ?
(a) East Central Railway
(b) South Eastern Railway
(c) South Western Railway
(d) West Central Railway

19. Stalactites and stalagmites are features of:
(a) glacial topography
(b) volcanic topography
(c) karst topography
(d) fluvial topography

20. Which one of the following is the correct sequence of the given planets in increasing order of their size (diameter) ?
(a) Mars - Venus - Earth - Mercury - Uranus
(b) Mercury - Mars - Venus - Earth - Uranus
(c) Mercury - Mars - Venus - Uranus - Earth
(d) Venus - Mercury - Mars - Earth - Uranus

21. In artificial insemination (AI) process, which of the following is / are introduced into the uterus of the female ?
(a) Egg only
(b) Fertilized egg
(c) Sperm only
(d) Egg and sperm

22. Genetically modified (GM) crops contain modified genetic material due to :
1. introduction of new DNA
2. removal of existing DNA
3. introduction of RNA
4. introduction of new traits

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

23. Which one of the following statements is correct ? The velocity of sound :
(a) does not depend upon the nature of media
(b) is maximum in gases and minimum in liquids
(c) is maximum in solids and minimum in liquids
(d) is maximum in solids and minimum in gases

24. Which one of the following statements is ***not*** correct?
(a) Sound waves in gases are longitudinal in nature
(b) Sound waves having frequency below 20 Hz are known as ultrasonic waves
(c) Sound waves having higher amplitudes are louder
(d) Sound waves with high audible frequencies are sharp

25. Which one of the following vitamins has a role in blood clotting ?
(a) Vitamin A
(b) Vitamin B
(c) Vitamin D
(d) Vitamin K

26. Vitamin $B_{12}$ deficiency causes pernicious anemia. Animals cannot synthesize vitamin $B_{12}$. Humans must obtain all their vitamin $B_{12}$ from their diet. The complexing metal ion in vitamin $B_{12}$ is :
(a) $Mg^{2+}$ (Magnesium ion)
(b) $Fe^{2+}$ (Iron ion)
(c) $Co^{3+}$ (Cobalt ion)
(d) $Zn^{2+}$ (Zinc ion)

27. Consider the following statements :
1. Most of the coal and the ferrous group of minerals in India occur in the peninsula, south of the Vindhyas
2. The peninsular India once formed part of the super-continent which included Australia, Antarctica, Africa and South America

Which of the statements given above is / are correct ?
(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2



(Contd.)

17. ब्रह्मपुत्र और सतलुज नदियों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस एक देश के साथ भारत ने समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं ?
(a) पाकिस्तान
(b) चीन
(c) बांग्लादेश
(d) नेपाल

18. भारत में निम्नलिखित रेलवे क्षेत्रों (ज़ोन) में से किस एक का मुख्यालय, माध्य समुद्र तल से अधिकतम ऊँचाई पर स्थित है ?
(a) पूर्व-मध्य रेलवे
(b) दक्षिण-पूर्व रेलवे
(c) दक्षिण-पश्चिम रेलवे
(d) पश्चिम-मध्य रेलवे

19. स्टैलैक्टाइट और स्टैलैग्माइट किसके अभिलक्षण हैं ?
(a) हिमनदीय स्थलाकृति
(b) ज्वालामुखीय स्थलाकृति
(c) कार्स्ट स्थलाकृति
(d) नदीय स्थलाकृति

20. निम्नलिखित में से कौनसा एक, दिए गए ग्रहों का, उनके आमाप (व्यास) के बढ़ते हुए क्रम में, सही अनुक्रम है ?
(a) मंगल — शुक्र — पृथ्वी — बुध — यूरेनस
(b) बुध — मंगल — शुक्र — पृथ्वी — यूरेनस
(c) बुध — मंगल — शुक्र — यूरेनस — पृथ्वी
(d) शुक्र — बुध — मंगल — पृथ्वी — यूरेनस

21. कृत्रिम वीर्यसेचन (AI) प्रक्रिया में, निम्नलिखित में से किसको/किनको, स्त्री के गर्भाशय में प्रविष्ट कराया जाता है ?
(a) केवल अंड
(b) निषेचित अंड
(c) केवल शुक्राणु
(d) अंड और शुक्राणु

22. आनुवंशिकत: रूपांतरित (GM) फसलों में रूपांतरित आनुवंशिक पदार्थ किसके कारण होते हैं ?
1. नये DNA का आगमन
2. विद्यमान DNA का निष्कासन
3. RNA का आगमन
4. नए विशेषकों का आगमन

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

23. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही है ? ध्वनि का वेग :
(a) माध्यम की प्रकृति पर निर्भर नहीं करता
(b) गैसों में अधिकतम और द्रवों में न्यूनतम होता है
(c) ठोसों में अधिकतम और द्रवों में न्यूनतम होता है
(d) ठोसों में अधिकतम और गैसों में न्यूनतम होता है

24. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?
(a) गैसों में ध्वनि तरंगों की प्रकृति अनुदैर्घ्य होती है।
(b) 20 Hz से कम आवृत्ति की ध्वनि तरंगें पराश्रव्य तरंगें कहलाती हैं।
(c) उच्चतर आयामों वाली ध्वनि तरंगें अपेक्षाकृत प्रबल होती हैं।
(d) उच्च श्रव्य आवृत्तियों वाली ध्वनि तरंगें तीक्ष्ण होती हैं।

25. निम्नलिखित विटामिनों में से कौनसा एक, रक्त के स्कंदन में कार्य करता है ?
(a) विटामिन A
(b) विटामिन B
(c) विटामिन D
(d) विटामिन K

26. विटामिन $B_{12}$ की कमी प्रणाशी अरक्तता का कारक है। जंतु विटामिन $B_{12}$ का संश्लेषण नहीं कर सकते। मानवों को अपना सारा विटामिन $B_{12}$ अपने आहार से ही प्राप्त करना होता है। विटामिन $B_{12}$ में कौनसा संकुलन धातु आयन होता है ?
(a) $Mg^{2+}$ (मैग्नीशियम आयन)
(b) $Fe^{2+}$ (लोह आयन)
(c) $Co^{3+}$ (कोबाल्ट आयन)
(d) $Zn^{2+}$ (ज़िंक आयन)

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. भारत में अधिकांश कोयला और फेरस खनिज समूह विंध्य के दक्षिण में प्रायद्वीप में मिलते हैं
2. प्रायद्वीपीय भारत कभी उस अधि-महाद्वीप का अंश था, जिसमें आस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, अफ्रीका और दक्षिण अमरीका सम्मिलित थे

ऊपर दिए गए कथनों में कौनसा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2



(Contd.)

28. The Mahatma Gandhi National Marine Park is located in :

(a) Pirotan Island

(b) Rameswaram

(c) Ganga Sagar Island

(d) Port Blair

29. Which of the following statements is / are correct ?

1. The earth is nearest to the Sun at Perihelion, which generally occurs on January 3
2. The earth is farthest away from the Sun at Perihelion, which generally occurs on July 4
3. The earth is farthest away from the Sun at Aphelion, which generally occurs on July 4
4. The earth is nearest to the Sun at Aphelion, which generally occurs on January 3

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 4

(c) 1 and 3

(d) 1 and 2

30. Which one of the following islands is of volcanic origin ?

(a) Reunion island

(b) Andaman & Nicobar islands

(c) Lakshadweep islands

(d) Maldives

31. Glucose is a source of energy. Which one of the following types of molecule is Glucose ?

(a) Carbohydrate

(b) Protein

(c) Fat

(d) Nucleic acid

32. The living content of cell is called protoplasm. It is composed of :

(a) Cytoplasm only

(b) Cytoplasm and nucleoplasm

(c) Nucleoplasm only

(d) Cytoplasm, nucleoplasm and other organelles

33. Norman Borlaug won Nobel Peace Prize for his contributions in :

1. development of high-yielding crops.
2. modernization of irrigation infrastructure.
3. introduction of synthetic fertilizers and pesticides.

Select the correct answer using the code given below:

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

34. A myopic person has a power of –1.25 Dioptre. What is the focal length and nature of his lens ?

(a) 50 cm and convex lens

(b) 80 cm and convex lens

(c) 50 cm and concave lens

(d) 80 cm and concave lens

35. A piece of ice, 100 g in mass is kept at 0 °C. The amount of heat it requires to melt at 0 °C is (take latent heat of melting of ice to be 333.6 J/g):

(a) 750.6 J

(b) 83.4 J

(c) 33360 J

(d) 3.336 J

36. Which one of the following hormones contains peptide chain?

(a) Oxytocin

(b) Corticotropin

(c) Insulin

(d) Cortisone

37. Which one of the following is an example of chemical change ?

(a) Burning of paper

(b) Magnetization of soft iron

(c) Dissolution of cane sugar in water

(d) Preparation of ice cubes from water

38. Which one of the following is the cause of long-term sea-level change?

(a) Atmospheric disturbance

(b) Change in marine water density

(c) Melting of icebergs

(d) Melting of ice sheets



(Contd.)

28. 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान' कहाँ अवस्थित है ?
(a) पिरोटन द्वीप
(b) रामेश्वरम
(c) गंगासागर द्वीप
(d) पोर्ट ब्लेयर

29. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?
1. सामान्यत: 3 जनवरी को होने वाले रविनीच पर पृथ्वी सूर्य के निकटतम होती है
2. सामान्यत: 4 जुलाई को होने वाले रविनीच पर पृथ्वी सूर्य से सबसे अधिक दूर होती है
3. सामान्यत: 4 जुलाई को होने वाले सूर्योच्च पर पृथ्वी सूर्य से सबसे अधिक दूर होती है
4. सामान्यत: 3 जनवरी को होने वाले सूर्योच्च पर पृथ्वी सूर्य के निकटतम होती है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) 2 और 4
(c) 1 और 3
(d) 1 और 2

30. निम्नलिखित द्वीपों में से कौनसा एक, ज्वालामुखीय मूल का है ?
(a) रीयूनियन द्वीप
(b) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
(c) लक्षद्वीप द्वीपसमूह
(d) मालदीव

31. ग्लूकोस ऊर्जा का एक स्रोत है। ग्लूकोस निम्नलिखित में से किस प्रकार का अणु है ?
(a) कार्बोहाइड्रेट
(b) प्रोटीन
(c) वसा
(d) न्यूक्लीक अम्ल

32. कोशिका का जीवित अंश जीवद्रव्य (प्रोटोप्लाज्म) कहलाता है। यह किससे बना होता है ?
(a) केवल कोशिकाद्रव्य (साइटोप्लाज्म)
(b) कोशिकाद्रव्य और केंद्रकद्रव्य
(c) केवल केंद्रकद्रव्य
(d) कोशिकाद्रव्य, केंद्रकद्रव्य और अन्य कोशिकांग

33. अपने किस योगदान के लिए नॉर्मन बोरलॉग ने नोबेल पुरस्कार जीता ?
1. अत्यधिक उपज वाली फसलों का विकास।
2. सिंचाई की आधारिक संरचनाओं का आधुनिकीकरण।
3. संश्लेषित उर्वरकों और पीड़कनाशियों का आरंभ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

34. किसी निकटदृष्टिता (मायोपिया) से ग्रस्त व्यक्ति को –1.25 डाइऑप्टर पॉवर है। उसके लेंस की फोकस दूरी और स्वरूप क्या है ?
(a) 50 cm और उत्तल लेंस
(b) 80 cm और उत्तल लेंस
(c) 50 cm और अवतल लेंस
(d) 80 cm और अवतल लेंस

35. 100 g द्रव्यमान का कोई बर्फ का टुकड़ा 0 °C पर रखा गया है। 0 °C पर पिघलने के लिए इसे कितनी ऊष्मा मात्रा आवश्यक होगी ? (बर्फ के पिघलने की गुप्त ऊष्मा का मान 333.6 J/g लीजिए):
(a) 750.6 J
(b) 83.4 J
(c) 33360 J
(d) 3.336 J

36. निम्नलिखित हॉर्मोनों में किस एक में पैप्टाइड श्रृंखला होती है ?
(a) ऑक्सीटॉसिन
(b) कॉर्टिकोट्रॉपिन
(c) इंसुलिन
(d) कॉर्टिसोन

37. निम्नलिखित में से कौनसा एक, रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है ?
(a) कागज का जलना
(b) नर्म लोहे का चुंबकित होना
(c) जल में शक्कर का घुलना
(d) जल से बर्फ के घनों का बनना

38. निम्नलिखित में से कौनसा एक, दीर्घकालीन समुद्र तल परिवर्तन का कारण है ?
(a) वायुमंडलीय विक्षोभ
(b) समुद्री जल घनत्व में परिवर्तन
(c) हिमखंडों का पिघलना
(d) बर्फ-चादरों का पिघलना



(Contd.)

39. Consider the following tributaries of river Brahmaputra :
1. Lohit
2. Tista
3. Subansiri
4. Sankosh

Arrange the above rivers from west to east:
(a) 2-4-3-1
(b) 2-3-4-1
(c) 4-2-3-1
(d) 3-1-2-4

40. Which one of the following is the reason due to which the wind in the southern hemisphere is deflected towards its left ?
(a) Difference in the water masses of northern and southern hemisphere
(b) Temperature and pressure variations
(c) Inclined axis of the Earth
(d) Rotation of the Earth

41. The 'eye' of the cyclone has :
(a) abnormally high temperature and lowest pressure
(b) abnormally low temperature and pressure
(c) clear sky and lowest temperature
(d) dense cloud cover and low pressure

42. Which of the following statements is / are correct ?
1. Acid rain reacts with buildings made from limestone
2. Burning of sulphur containing coal can contribute to acid rain
3. Eutrophication is an effective measure to control pollution

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1, 2 and 3

43. Which one of the following statements about bar magnet is correct ?
(a) The pole strength of the north-pole of a bar magnet is larger than that of the south-pole
(b) When a piece of bar magnet is bisected perpendicular to its axis, the north and south poles get separated
(c) When a piece of bar magnet is bisected perpendicular to its axis, two new bar magnets are formed
(d) The poles of a bar magnet are unequal in magnitude and opposite in nature

44. Which one of the following statements is ***not*** correct?
(a) Hydrogen is an element
(b) Hydrogen is the lightest element
(c) Hydrogen has no isotopes
(d) Hydrogen and oxygen form an explosive mixture

45. Which one of the following statements is ***not*** correct?
(a) Atoms of different elements may have same mass numbers
(b) Atoms of an element may have different mass numbers
(c) All the atoms of an element have same number of protons
(d) All the atoms of an element will always have same number of neutrons

46. Which of the following statements regarding chemical industry in India is / are correct ?
1. Chemical industry is one of the oldest industries in India
2. Dyestuff sector is one of the important segments of chemical industry
3. Textile industry accounts for the largest consumption of dyestuffs

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

47. Which of the following statements about India's scientific and research mission in Antarctica is / are correct?
1. The first scientific base station in Antarctica was Dakshin Gangotri
2. Dakshin Gangotri is now being used as supply base and transit camp
3. The Maitri station is manned throughout the year for scientific activities

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3



(Contd.)

39. ब्रह्मपुत्र नदी की निम्नलिखित सहायक नदियों पर विचार कीजिए :
   1. लोहित
   2. तीस्ता
   3. सुबंसिरी
   4. संकोष

   उपर्युक्त नदियों को पश्चिम से पूर्व की ओर क्रमबद्ध कीजिए :
   (a) 2-4-3-1
   (b) 2-3-4-1
   (c) 4-2-3-1
   (d) 3-1-2-4

40. निम्नलिखित में से कौनसा एक, दक्षिणी गोलार्ध में पवन का अपनी बाईं ओर विक्षेपित होने का कारण है ?
   (a) उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध की जल मात्राओं में भिन्नता
   (b) ताप और दाब विभिन्नताएं
   (c) पृथ्वी का आनत अक्ष
   (d) पृथ्वी का घूर्णन

41. किसी चक्रवात-अक्षि पर क्या होता है ?
   (a) अप्रसामान्य उच्च ताप और निम्नतम दाब
   (b) अप्रसामान्य निम्न ताप और दाब
   (c) निर्मल आकाश और न्यूनतम ताप
   (d) घना मेघ-आच्छादन और निम्न दाब

42. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?
   1. अम्लीय वर्षा चूना-पत्थर से बनी इमारतों से अभिक्रिया करती है
   2. सल्फर युक्त कोयले का दहन अम्लीय वर्षा में भागी हो सकता है
   3. प्रदूषण के नियंत्रण के लिए सुपोषण एक प्रभावी युक्ति है

   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1
   (d) 1, 2 और 3

43. दंड चुंबक के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही है ?
   (a) किसी दंड चुंबक के उत्तरी ध्रुव का ध्रुव-प्राबल्य उसके दक्षिणी ध्रुव के ध्रुव-प्राबल्य की अपेक्षा अधिक होता है
   (b) जब किसी दंड चुंबक को उसके अक्ष के अनुलंब काटा जाता है, तो उसके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पृथक हो जाते हैं
   (c) जब किसी दंड चुंबक को उसके अक्ष के अनुलंब काटा जाता है, तो दो नए दंड चुंबक बन जाते हैं
   (d) किसी दंड चुंबक के ध्रुव परिमाण में असमान और प्रकृति में विपरीत होते हैं

44. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?
   (a) हाइड्रोजन एक तत्व है
   (b) हाइड्रोजन सबसे हल्का तत्व है
   (c) हाइड्रोजन के कोई समस्थानिक नहीं होते
   (d) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एक विस्फोटक मिश्रण बनाते हैं

45. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?
   (a) विभिन्न तत्वों के परमाणुओं की द्रव्यमान संख्याएं समान हो सकती हैं
   (b) किसी तत्व के परमाणुओं की द्रव्यमान संख्याएं भिन्न-भिन्न हो सकती हैं
   (c) किसी तत्व के सभी परमाणुओं में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है
   (d) किसी तत्व के सभी परमाणुओं में न्यूट्रॉनों की संख्या सदैव समान होगी

46. भारत में रासायनिक उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?
   1. रासायनिक उद्योग भारत में प्राचीनतम उद्योगों में से एक है
   2. रंजक (द्रव्य) सेक्टर रासायनिक उद्योग का एक महत्वपूर्ण खंड है
   3. वस्त्र उद्योग में रंजक (द्रव्य) की सर्वाधिक खपत होती है

   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

47. अंटार्कटिका में भारत के वैज्ञानिक और अनुसंधान मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?
   1. अंटार्कटिका में पहला वैज्ञानिक बेस स्टेशन दक्षिण गंगोत्री था
   2. दक्षिण गंगोत्री का अब पूर्ति बेस और संक्रमण शिविर के रूप में उपयोग होता है
   3. मैत्री स्टेशन, वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए पूरे वर्ष मानव-संचालित रहता है

   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 2
   (d) 1, 2 और 3



(Contd.)

48. The synthetic rubber has replaced natural rubber for domestic and industrial purposes. Which one of the following is the main reason behind that ?

(a) Natural rubber is unable to meet the growing demand of different industries

(b) Natural rubber is grown in tropical countries only

(c) Raw material for synthetic rubber is easily available

(d) Natural rubber is not durable

49. A person rings a metallic bell near a strong concrete wall. He hears the echo after 0.3 s. If the sound moves with a speed of 340 m/s, how far is the wall from him?

(a) 102 m

(b) 11 m

(c) 51 m

(d) 30 m

50. Arrange the following popular hill stations of India in terms of their height (from highest to the lowest) from the mean sea level :

1. Mussoorie
2. Shimla
3. Ooty
4. Darjeeling

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3-2-4-1

(b) 3-1-4-2

(c) 2-3-4-1

(d) 2-4-1-3

51. Consider the following statements :

1. In *Hind Swaraj,* Mahatma Gandhi formulates a conception of good life for the individual as well as the society
2. *Hind Swaraj* was the outcome of the experience of Gandhi's prolonged struggle against Colonial Raj in India

Which of the statements given above is / are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

52. Which of the following is / are Constitutional Body / Bodies ?

1. National Commission for Scheduled Tribes
2. National Commission for Women
3. National Commission for Minorities
4. National Human Rights Commission

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1, 3 and 4 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

53. Which of the following statements relating to the Bandung Conference on Afro-Asian Resurgence (1955) are correct ?

1. Bandung Conference was organized by Indonesia, Myanmar (Burma), Ceylon (Sri Lanka), India, and Pakistan in which 29 countries representing more than half of the world's population sent delegates
2. The Conference reflected the five sponsors' dissatisfaction with what they regarded as a reluctance by the Western powers to consult with them on decisions affecting Asia
3. The Conference was concerned over tension between the People's Republic of China and the United States

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

54. Who among the following archaeologists was the first to identify similarities between a pre-Harappan culture and the mature Harappan culture ?

(a) Amalananda Ghosh

(b) Rakhaldas Banerji

(c) Daya Ram Sahni

(d) Sir John Marshall

55. Which one of the following is the common element between the Kailasanatha Temple at Ellora and the Shore Temple at Mamallapuram ?

(a) Both are examples of Nagara architecture

(b) Both are carved out from solid rocks

(c) Both are Gupta period temples

(d) Both were built under the patronage of Pallava Kings



(Contd.)

48. घरेलू और औद्योगिक प्रयोजनों के लिए संश्लिष्ट रबर ने प्राकृतिक रबर का स्थान ले लिया है। इसके पीछे निम्नलिखित में से कौनसा एक मुख्य कारण है ?

(a) प्राकृतिक रबर विभिन्न उद्योगों की बढ़ती हुई माँग की पूर्ति करने में अक्षम है

(b) प्राकृतिक रबर केवल उष्णकटिबंधीय देशों में ही उगाया जाता है

(c) संश्लिष्ट रबर के लिए कच्चा माल आसानी से उपलब्ध है

(d) प्राकृतिक रबर टिकाऊ नहीं होता

49. कोई व्यक्ति कंक्रीट की किसी मजबूत दीवार के पास धातु की घंटी बजाता है। वह 0.3 s के पश्चात् उसकी प्रतिध्वनि सुनता है। यदि ध्वनि 340 m/s की चाल से गमन करती हो, तो उस व्यक्ति से दीवार की दूरी क्या है ?

(a) 102 m

(b) 11 m

(c) 51 m

(d) 30 m

50. भारत के निम्नलिखित लोकप्रिय पर्वतीय स्थानों को माध्य समुद्र तल से उनकी ऊँचाई (उच्चतम से निम्नतम) के आधार पर क्रमबद्ध कीजिये :

1. मसूरी
2. शिमला
3. ऊटी
4. दार्जिलिंग

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 3-2-4-1

(b) 3-1-4-2

(c) 2-3-4-1

(d) 2-4-1-3

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. *'हिन्द स्वराज'* में, महात्मा गाँधी ने व्यक्ति और साथ ही समाज के लिए उत्तम जीवन की संकल्पना का निरूपण किया है
2. *'हिन्द स्वराज'*, भारत में औपनिवेशिक राज के विरुद्ध गाँधी जी के लंबे संघर्ष से प्राप्त अनुभव का परिणाम था

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

52. निम्नलिखित में से कौनसा/से सांविधानिक निकाय है/हैं ?

1. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
2. राष्ट्रीय महिला आयोग
3. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
4. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

53. अफ्रीकी-एशियाई पुनरुत्थान विषय पर बांदुंग सम्मेलन (1955) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

1. बांदुंग सम्मेलन इंडोनेशिया, म्यांमार (बर्मा), सीलोन (श्रीलंका), भारत और पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें विश्व की आधी से ज्यादा आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले 29 देशों ने प्रतिनिधि भेजे
2. इस सम्मेलन ने पाँचों प्रायोजकों के इस असंतोष को प्रतिबिंबित किया कि एशिया को प्रभावित करने वाले निर्णयों के विषय में उनसे परामर्श करने में पश्चिमी शक्तियों की अनिच्छा है
3. यह सम्मेलन चीनी जनवादी गणराज्य और संयुक्त राज्य अमरीका के बीच तनाव से चिंतित था

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित में से किस पुरातत्त्वज्ञ ने पूर्व-हड़प्पा संस्कृति और परिपक्व हड़प्पा संस्कृति के बीच समानताओं को सर्वप्रथम अभिज्ञात किया ?

(a) अमलानंद घोष

(b) राखालदास बनर्जी

(c) दया राम साहनी

(d) सर जॉन मार्शल

55. एलोरा स्थित कैलाशनाथ मंदिर और मामल्लपुरम स्थित शोर मंदिर के बीच निम्नलिखित में से कौनसी एक समानता है ?

(a) दोनों ही नागर वास्तुकला के उदाहरण हैं

(b) दोनों ही ठोस चट्टानों में से उत्कीर्ण किए गए हैं

(c) दोनों ही गुप्त-काल के मंदिर हैं

(d) दोनों ही पल्लव राजाओं के संरक्षण में निर्मित किए गए थे



(Contd.)

56. Which of the following is / are ***not*** depicted in the Rajput paintings ?

1. The stories of Krishna
2. *Ragas* and *Raginis*
3. The deeds of Hamza
4. The deeds of Babur

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 3 and 4 only
(d) 4 only

57. Which one of the Five Year Plans had a high priority to bring inflation under control and to achieve stability in the economic situation ?

(a) Fourth Plan (1969-74)
(b) Fifth Plan (1974-79)
(c) Sixth Plan (1980-85)
(d) Seventh Plan (1985-90)

58. Which of the following statement(s) is / are true with respect to Phillips Curve ?

1. It shows the trade-off between unemployment and inflation
2. The downward sloping curve of Phillips Curve is generally held to be valid only in the short run
3. In the long run, Phillips Curve is usually thought to be horizontal at the non-accelerating inflation rate of unemployment (NAIRU)

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

59. Which one of the following nations is ***not*** a member of the Eurasian Economic Union ?

(a) Belarus
(b) Russia
(c) Kazakhstan
(d) Uzbekistan

60. BRICS leaders signed the agreement to establish a New Development Bank at the summit held in :

(a) New Delhi, India (2012)
(b) Durban, South Africa (2013)
(c) Fortaleza, Brazil (2014)
(d) Ufa, Russia (2015)

61. *Shishu, Kishor* and *Tarun* are the schemes of :

(a) Regional Rural Banks.
(b) Micro Units Development & Refinance Agency Ltd. (MUDRA).
(c) Small Industries Development Bank of India.
(d) Industrial Development Bank of India.

62. Consider the following statements :

1. The President of India shall have the power to appoint and remove the Speaker of Lok Sabha
2. The Speaker has to discharge the functions of his office himself throughout his term and cannot delegate his functions to the Deputy Speaker during his absence from the station or during his illness

Which of the statements given above is / are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

63. The Second Administrative Reforms Commission (2005) was concerned with :

(a) reforms in institutional arrangements for good governance
(b) reforms in the Indian Penal Code and the Criminal Justice System
(c) creating an ombudsman mechanism for reduction of corruption in public life
(d) devising new measures for urban governance and management

64. As per the Constitution of India, the Writ of Prohibition relates to an order :

1. issued against judicial and quasi-judicial authority
2. to prohibit an inferior Court from proceeding in a particular case where it has no jurisdiction to try
3. to restrain a person from holding a public office to which he is not entitled

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1, 2 and 3

56. निम्नलिखित में से किसका/किनका राजपूत चित्रकला में चित्रण ***नहीं*** किया गया है ?

1. कृष्ण की कथाएँ
2. *राग* और *रागिनियाँ*
3. हम्ज़ा के कार्य
4. बाबर के कार्य

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 4

57. किस एक पंचवर्षीय योजना की उच्च प्राथमिकता, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने और आर्थिक स्थिति में स्थिरता लाने की थी ?

(a) चौथी योजना (1969-74)
(b) पाँचवीं योजना (1974-79)
(c) छठी योजना (1980-85)
(d) सातवीं योजना (1985-90)

58. फिलिप्स वक्र के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं ?

1. यह बेरोजगारी और मुद्रा स्फीति के बीच परस्पर प्रतिलोम संबंध (ट्रेड-ऑफ) दर्शाता है
2. फिलिप्स वक्र का अधोमुखी ढलवाँ वक्र सामान्यत: केवल अल्पकाल के लिए ही प्रामाणिक माना जाता है
3. दीर्घकाल में फिलिप्स वक्र को सामान्यत: बेरोजगारी की त्वरणहीन मुद्रा-स्फीति दर (NAIRU) पर क्षैतिज समझा जाता है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

59. निम्नलिखित में से कौनसा एक देश, यूरेशियाई आर्थिक संघ का सदस्य ***नहीं*** है ?

(a) बेलारूस
(b) रूस
(c) कज़ाखस्तान
(d) उज़्बेकिस्तान

60. BRICS नेताओं ने कहाँ पर हुए शिखर-सम्मेलन में एक नए विकास बैंक को स्थापित करने के लिए करार पर हस्ताक्षर किए ?

(a) नई दिल्ली, भारत (2012)
(b) डर्बन, दक्षिण अफ्रीका (2013)
(c) फोर्टालीज़ा, ब्राज़ील (2014)
(d) ऊफा, रूस (2015)

61. *'शिशु'*, *'किशोर'* और *'तरूण'* किसकी योजनाएं हैं ?

(a) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की।
(b) माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एण्ड रीफाइनैंस एजेंसी लि. (MUDRA) की।
(c) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की।
(d) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की।

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के राष्ट्रपति को, लोकसभा के अध्यक्ष को नियुक्त करने और हटाने की शक्ति होगी
2. अध्यक्ष को अपने कार्यालय के कृत्यों का निर्वहन अपने पूरे कार्यकाल के दौरान स्वयं करना होता है और वह स्टेशन से अपनी अनुपस्थिति या अपनी बीमारी के दौरान अपने कृत्यों को उपाध्यक्ष को प्रत्यायोजित नहीं कर सकता

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

63. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (2005) किससे संबंधित था ?

(a) उत्तम शासन के लिए सांस्थानिक व्यवस्था में सुधार
(b) भारतीय दंड संहिता और आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार
(c) सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए लोकपाल तंत्र का सृजन करना
(d) शहरी शासन और प्रबंधन के नए उपाय निकालना

64. भारत के संविधान के अनुसार, प्रतिषेध रिट किस आदेश से संबंधित है ?

1. न्यायिक और न्यायिककल्प प्राधिकारी के खिलाफ दिया गया आदेश
2. अवर न्यायालय को, किसी विशिष्ट मामले में, जहाँ उसे विचार करने की अधिकारिता नहीं है, कार्यवाही करने से रोकना
3. किसी व्यक्ति को किसी सार्वजनिक पद को, जिसके लिए वह हकदार नहीं है, धारण करने से रोकना

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3



(Contd.)

65. Which one among the following was ***not*** an attribute of Samudragupta described in *Prayag Prashasti* ?

(a) Sharp and polished intellect

(b) Accomplished sculptor

(c) Fine musical performances

(d) Poetical talent of a genius

66. Kamandaka's *Nitisara* is a contribution to :

(a) Logic and Philosophy

(b) Mathematics

(c) Political morality

(d) Grammar

67. The *Lilavati* of Bhaskara is a standard text on:

(a) Mathematics

(b) Surgery

(c) Poetics

(d) Linguistics

68. Which of the following statement(s) are true with respect to the concept of 'EFFICIENCY' as used in mainstream economics ?

1. Efficiency occurs when no possible reorganisation of production can make anyone better off without making someone else worse off
2. An economy is clearly inefficient if it is inside the Production Possibility Frontier (PPF)
3. At a minimum, an efficient economy is on its Production Possibility Frontier (PPF)
4. The terms such as 'Pareto Efficiency', 'Pareto Optimality' and 'Allocative Efficiency' are all essentially one and the same which denote 'efficiency in resource allocation'

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

69. The first summit of the Forum for India-Pacific Islands Cooperation (FIPIC) was held in :

(a) Jaipur

(b) Suva

(c) New Delhi

(d) Port Moresby

70. Which one of the following island nations went for Parliamentary elections in the month of August 2015 ?

(a) Maldives

(b) Fiji

(c) Sri Lanka

(d) Singapore

71. Which one of the following nations has faced severe economic crisis in the year 2015 resulting in default in repayment of IMF loan?

(a) China

(b) Greece

(c) Ireland

(d) Belgium

72. Who among the following Prime Ministers of India were defeated by a vote of No Confidence ?

1. Morarji Desai
2. Viswanath Pratap Singh
3. H.D. Deve Gowda
4. Atal Bihari Vajpayee

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1 and 4 only

73. Which of the following statements regarding Rajya Sabha is / are correct ?

1. The maximum permissible strength of Rajya Sabha is 250
2. In Rajya Sabha, 238 members are elected indirectly from the States and Union Territories
3. It shares legislative powers equally with Lok Sabha in matters such as creation of All India Services

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 only



(Contd.)

65. निम्नलिखित में से कौनसा एक, *'प्रयाग प्रशस्ति'* में वर्णित समुद्रगुप्त का गुण ***नहीं*** था ?

(a) तीक्ष्ण और परिष्कृत बुद्धि

(b) निपुण मूर्तिकार

(c) उत्कृष्ट संगीत प्रस्तुतियां

(d) प्रतिभाशाली काव्य-निपुणता

66. कामंदक के *'नीतिसार'* का योगदान किस विषय में है ?

(a) तर्कशास्त्र और दर्शन

(b) गणित

(c) राजनीतिक नैतिकता

(d) व्याकरण

67. भास्कर का *'लीलावती'* किस विषय का मानक मूलग्रंथ है ?

(a) गणित

(b) शल्यविज्ञान

(c) काव्यशास्त्र

(d) भाषाविज्ञान

68. मुख्यधारा अर्थशास्त्र में प्रयुक्त होने वाली 'दक्षता' की संकल्पना के बारे में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं ?

1. दक्षता तब पाई जाती है जब उत्पादन के किसी भी संभव पुनर्संगठन से किसी अन्य की स्थिति बदतर किए बिना किसी की स्थिति बेहतर न की जा सके
2. कोई अर्थव्यवस्था स्पष्ट रूप से अदक्ष है यदि यह उत्पादन संभावना फ्रंटियर (PPF) के अन्दर है
3. न्यूनतम रूप से, दक्ष अर्थव्यवस्था इसके उत्पादन संभावना फ्रंटियर (PPF) पर होती है
4. 'परेटो दक्षता', 'परेटो इष्टतमता' और 'विनियोजी दक्षता' सभी अनिवार्य रूप से एक ही चीज है जो 'संसाधन विनिधान में दक्षता' द्योतित करती है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

69. भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (FIPIC) का प्रथम शिखर-सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

(a) जयपुर

(b) सूवा

(c) नई दिल्ली

(d) पोर्ट मोरस्बी

70. अगस्त 2015 के मास में निम्नलिखित में से किस एक द्वीप राष्ट्र में संसदीय निर्वाचन हुए ?

(a) मालदीव

(b) फिजी

(c) श्रीलंका

(d) सिंगापुर

71. वर्ष 2015 में निम्नलिखित में से किस एक राष्ट्र ने कठोर आर्थिक संकट का सामना किया जिसके फलस्वरूप उससे IMF के कर्ज के भुगतान में चूक हुई ?

(a) चीन

(b) ग्रीस

(c) आयरलैंड

(d) बेल्जियम

72. निम्नलिखित में से भारत के कौन से प्रधानमंत्री अविश्वास मत से पराजित हुए ?

1. मोरारजी देसाई
2. विश्वनाथ प्रताप सिंह
3. एच.डी. देवगौड़ा
4. अटल बिहारी वाजपेयी

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) केवल 1 और 4

73. राज्यसभा के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

1. राज्यसभा की अधिकतम अनुज्ञेय संख्या 250 है
2. राज्यसभा में, 238 सदस्य राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं
3. अखिल भारतीय सेवाओं के सर्जन जैसे मामलों में इसकी लोकसभा के साथ समान रूप से विधायी शक्तियां हैं

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

74. Which of the following statements relating to the office of the President of India are correct ?

1. The President has the power to grant pardon to a criminal in special cases
2. The President can promulgate ordinances even when the Parliament is in session
3. The President can dissolve the Rajya Sabha during emergency
4. The President has the power to nominate two members in the Lok Sabha from the Anglo Indian community

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 1 and 4 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 3 and 4

75. The followers of Gorakhnath were called :

(a) Jogis
(b) Nath-Panthis
(c) Tantriks
(d) Sanyasis

76. What were the 12 states of the Sikh confederacy called ?

(a) Misl
(b) Gurmata
(c) Sardari
(d) Rakhi

77. Which of the statements given below is / are correct ?

1. The ideal of a common civil code is set forth in Article 44 of the Constitution of India
2. In certain respects, the High Courts in India have been given more extensive powers than the Supreme Court
3. The Supreme Court of India, the first fully independent Court for the country, was set up under the Constitution of India in 1950

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 3 only

78. Which of the following is / are the example(s) of Transfer Payment(s) ?

1. Unemployment Allowance
2. Payment of Salary
3. Social Security Payments
4. Old age Pension

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) None of the above

79. The Erawan shrine, which witnessed a major bomb blast in August 2015, is located at :

(a) Singapore
(b) Bangkok
(c) Kuala Lumpur
(d) Kabul

80. Who among the following is the first Indian sportsperson to reach the finals in the World Badminton Championship (Women) in 2015 ?

(a) Jwala Gutta
(b) Saina Nehwal
(c) P.V. Sindhu
(d) Madhumita Bisht

81. Which one of the following Articles / Schedules in the Constitution of India deals with Autonomous District Councils ?

(a) Eighth Schedule
(b) Article 370
(c) Sixth Schedule
(d) Article 250

82. Which of the following statements with regard to UID / Aadhar Card are correct?

1. It is a 12 digit unique form of identification for all residents of India
2. It is an identity number along with the biometric information of the individuals
3. It is a national identity and citizenship card

Select the correct answer using the code given below:

(a) 2 and 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3



(Contd.)

74. भारत के राष्ट्रपति के पद से संबंधित निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं ?

1. राष्ट्रपति को विशेष मामलों में किसी अपराधी को क्षमादान की शक्ति है
2. राष्ट्रपति अध्यादेश प्रख्यापित तब भी कर सकता है जब संसद सत्र में हो
3. आपातकाल के दौरान राष्ट्रपति राज्यसभा को भंग कर सकता है
4. राष्ट्रपति को आंग्ल-भारतीय समुदाय से दो सदस्य लोकसभा में नामनिर्देशित करने की शक्ति है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 3 और 4

75. गोरखनाथ के अनुयायियों को क्या कहा जाता था ?

(a) जोगी
(b) नाथ-पंथी
(c) तांत्रिक
(d) सन्यासी

76. सिख संघ के 12 राज्यों को क्या कहा जाता था ?

(a) मिस्ल
(b) गुरमत
(c) सरदारी
(d) राखी

77. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. समान (कॉमन) सिविल संहिता का आदर्श भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में उपवर्णित किया गया है
2. कुछ विषयों में, भारत में उच्च न्यायालयों को उच्चतम न्यायालय से अधिक विस्तृत शक्तियां दी गई हैं
3. भारत का उच्चतम न्यायालय, देश के लिए प्रथम पूर्णरूप से स्वतंत्र न्यायालय, भारत के संविधान के अधीन 1950 में स्थापित किया गया

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 3

78. निम्नलिखित में से कौनसा/से अंतरण भुगतान के उदाहरण हैं ?

1. बेरोजगारी भत्ता
2. वेतन का भुगतान
3. सामाजिक सुरक्षा भुगतान
4. वृद्धावस्था पेन्शन

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. एरावन देवमंदिर, जहां अगस्त 2015 में एक बड़ा बम विस्फोट हुआ था, कहाँ पर स्थित है ?

(a) सिंगापुर
(b) बैंकॉक
(c) कुआलालम्पुर
(d) काबुल

80. निम्नलिखित में से कौन, वह प्रथम भारतीय खिलाड़ी है, जो 2015 की विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप (महिला) में फाइनल में पहुँची ?

(a) ज्वाला गुट्टा
(b) साइना नेहवाल
(c) पी.वी. सिन्धु
(d) मधुमिता बिष्ट

81. निम्नलिखित में से भारत के संविधान के किस एक अनुच्छेद/अनुसूची का संबंध स्वशासी जिला परिषदों से है ?

(a) आठवीं अनुसूची
(b) अनुच्छेद 370
(c) छठी अनुसूची
(d) अनुच्छेद 250

82. UID / आधार कार्ड के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

1. यह भारत के सभी निवासियों के लिए पहचान का 12 अंकों का एक अनन्य रूप है
2. यह व्यक्तियों की जैवमितीय सूचना के साथ एक पहचान संख्या है
3. यह एक राष्ट्रीय पहचान और नागरिकता कार्ड है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

83. Which of the following statements about Comptroller and Auditor General of India (CAG) are correct ?

1. The CAG will hold office for a period of six years from the date he assumes the office. He shall vacate office on attaining the age of 65 years, if earlier than the expiry of the 6 year term
2. The powers of CAG are derived from the Constitution of India
3. The CAG is a multi-member body appointed by the President of India in consultation with the Prime Minister and the Council of Ministers
4. The CAG may be removed by the President only on an address from both Houses of Parliament, on the grounds of proved misbehavior or incapacity

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 and 4
(d) 1 and 2 only

84. Human Development Report for each year at global level is published by :

(a) WTO
(b) World Bank
(c) UNDP
(d) IMF

85. Which one among the following statements about the coins of the Gupta rulers is correct ?

(a) The obverse and reverse, both, had only the king's portrait and date
(b) The obverse and reverse, both, had only an image of a deity and date
(c) The obverse generally had king's portrait and reverse had an image of a deity or a motif
(d) The obverse generally had king's portrait and reverse always had a date

86. The *agrahara* in early India was:

(a) the name of a village or land granted to Brahmins
(b) the garland of flowers of Agar
(c) the grant of land to officers and soldiers
(d) land or village settled by Vaishya farmers

87. Which of the following statements relating to the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 are correct ?

1. The Act recognizes forest rights of forest dwelling Scheduled Tribes who have been occupying the forest land before October 25, 1980
2. The onus of implementation of the Act lies at the level of the State / UT Governments
3. The Act seeks to recognize and vest certain forest rights in the forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

88. Leander Paes won the US Open Mixed Doubles Tennis Title (2015) partnering with :

(a) Kristina Mladenovic
(b) Flavia Pennetta
(c) Martina Hingis
(d) Sania Mirza

89. Who among the following is the winner of the World Food Prize (year 2015)?

(a) Sanjaya Rajaram
(b) Baldev Singh Dhillon
(c) Sir Fazle Hasan Abed
(d) Rajendra Singh Paroda

90. In which one of the following judgments of the Constitutional Bench of the Supreme Court of India, the 'rarest of rare' principle in the award of death penalty was first laid down ?

(a) Bachan Singh v. State of Punjab (1980)
(b) Gopalanachari v. State of Kerala (1980)
(c) Dr. Upendra Baxi v. State of UP (1983)
(d) Tukaram v. State of Maharashtra (1979)

83. भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (CAG) के बारे में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं ?

1. CAG, पद ग्रहण करने की तिथि से 6 वर्ष तक पद धारण करेगा। वह 65 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर, यदि ऐसा 6 वर्ष की अवधि समाप्त होने से पहले हो, पद रिक्त कर देगा
2. CAG की शक्तियां भारत के संविधान से व्युत्पन्न होती हैं
3. CAG प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद् की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक बहु-सदस्य निकाय है
4. CAG को, सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर, संसद के दोनों सदनों द्वारा समावेदन किए जाने पर ही, राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

84. विश्व स्तर पर प्रत्येक वर्ष की मानव विकास रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

(a) WTO
(b) विश्व बैंक
(c) UNDP
(d) IMF

85. गुप्त शासकों के सिक्कों के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?

(a) मुखभाग और पृष्ठभाग दोनों पर केवल राजा का चित्र और तिथि होती थी
(b) मुखभाग और पृष्ठभाग दोनों पर केवल किसी देवता की प्रतिमा और तिथि होती थी
(c) मुखभाग पर सामान्यत: राजा का चित्र और पृष्ठभाग पर किसी देवता की प्रतिमा या कोई कथानक रूढ़ि होती थी
(d) मुखभाग पर सामान्यत: राजा का चित्र और पृष्ठभाग पर हमेशा तिथि होती थी

86. प्रारम्भिक भारत में *अग्रहार* क्या था ?

(a) ब्राह्मणों को अनुदत्त गाँव या भूमि का नाम
(b) अगर के फूलों की माला
(c) अधिकारियों और सैनिकों को भूमि अनुदान
(d) वैश्य कृषकों द्वारा बसाया हुआ गाँव या भूमि

87. अनुसूचित जनजाति और अन्य पारम्परिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं ?

1. यह अधिनियम, वनवासी अनुसूचित जनजातियों के, जिनका 25 अक्टूबर, 1980 के पूर्व से वन भूमि पर दखल है, वन अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है
2. इस अधिनियम को कार्यान्वित करने का भार राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के स्तर पर होता है
3. यह अधिनियम वनवासी अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों को कुछ वन अधिकारों की मान्यता देता है और उनमें निहित करता है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

88. लिएंडर पेस ने US ओपन मिक्स्ड डबल टेनिस टाइटल (2015) किसकी साझेदारी में जीता ?

(a) क्रिस्टीना म्लादेनोविच
(b) फ्लेविया पेन्नेटा
(c) मार्टिना हिंगिस
(d) सानिया मिर्जा

89. निम्नलिखित में से कौन, विश्व खाद्य पुरस्कार (वर्ष 2015) का विजेता है ?

(a) संजय राजाराम
(b) बलदेव सिंह ढिल्लों
(c) सर फ़ज़ल हसन आबेद
(d) राजेन्द्र सिंह परोडा

90. भारत के उच्चतम न्यायालय की सांविधानिक न्यायपीठ के निम्नलिखित में से किस एक निर्णय में मृत्युदंड अधिनिर्णीत करने के लिए 'विरलों में विरलतम' सिद्धांत को पहली बार अधिकथित किया गया ?

(a) बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य (1980)
(b) गोपालनचारी बनाम केरल राज्य (1980)
(c) डा. उपेन्द्र बख्शी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1983)
(d) तुकाराम बनाम महाराष्ट्र राज्य (1979)

91. Consider the following statements about the President of India:

1. The President has the right to address and send message to the Council of Ministers to elicit specific information
2. The President can call for information relating to proposals for legislation
3. All decisions of the Council of Ministers relating to administration of the Union must be communicated to the President

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

92. In which one of the following cases, the Constitutional validity of the Muslim Women (Protection of Rights of Divorce) Act 1986, was upheld by the Supreme Court of India ?

(a) Muhammad Ahmed Khan v. Shah Bano Begum
(b) Danial Latifi v. Union of India
(c) Mary Roy v. State of Kerala
(d) Shankari Prasad v. Union of India

93. Which of the following statements about the Vijayanagara Empire is / are true?

1. The kings claimed to rule on behalf of the God Virupaksha
2. Rulers used the title "Hindu Suratrana" to indicate their close links with Gods
3. All royal orders were signed in Kannada, Sanskrit and Tamil
4. Royal portrait sculpture was now displayed in temples

Select the correct answer using the code given below :

(a) 4 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1, 2 and 4

94. *Iqta* in medieval India meant:

(a) land assigned to religious personnel for spiritual purposes
(b) land revenue from different territorial units assigned to army officers
(c) charity for educational and cultural activities
(d) the rights of the zamindar

95. Which one of the following books was ***not*** illustrated with paintings in Akbar's court ?

(a) *Hamzanama*
(b) *Razmnama*
(c) *Baburnama*
(d) *Tarikh-i-Alfi*

96. Which of the following is ***not*** a 'Public Good' ?

(a) Electricity
(b) National Defence
(c) Light House
(d) Public Parks

97. Which one of the following is ***not*** among the aims of the Second Five Year Plan (1956-57 to 1960-61) ?

(a) Rapid industrialization with particular emphasis on the development of basic and heavy industries
(b) Large expansion of employment opportunities
(c) Achieve self-sufficiency in food grains and increase agricultural production to meet the requirements of industry and exports
(d) Reduction of inequalities in income and wealth and a more even distribution of economic power

98. The National Policy for Children, 2013 recognizes every person as a child below the age of :

(a) 12 years
(b) 14 years
(c) 16 years
(d) 18 years



(Contd.)

91. भारत के राष्ट्रपति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रपति को विशिष्ट जानकारी पाने के लिए मंत्रिपरिषद को संबोधित करने का और संदेश भेजने का अधिकार है
2. राष्ट्रपति विधान विषयक प्रस्थापनाओं से संबंधित जानकारी मांग सकता है
3. संघ के प्रशासन संबंधी मंत्रिपरिषद के सभी विनिश्चय राष्ट्रपति को संसूचित किए जाने चाहिए

उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

92. निम्नलिखित में से किस एक मामले में, भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा, मुस्लिम स्त्री (विवाह-विच्छेद पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम 1986 की सांविधानिक वैधता को अनुमोदित किया गया ?

(a) मुहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम
(b) दानियाल लतीफी बनाम भारत संघ
(c) मेरी रॉय बनाम केरल राज्य
(d) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ

93. विजयनगर साम्राज्य के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं ?

1. राजाओं ने भगवान विरूपाक्ष की ओर से शासन करने का दावा किया
2. शासकों ने देवताओं के साथ अपनी घनिष्ठ संलग्नता इंगित करने के लिए "हिंदू सुरत्राण" उपाधि का प्रयोग किया
3. सभी राजसी आदेशों पर कन्नड़, संस्कृत और तमिल में हस्ताक्षर किए जाते थे
4. राजसी आकृति मूर्ति अब मंदिरों में प्रदर्शित की जाती थी

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 4
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2 और 4

94. मध्यकालीन भारत में '*इक़्ता*' का क्या अर्थ था ?

(a) आध्यात्मिक प्रयोजन के लिए धार्मिक कार्मिकों को सौंपी गई भूमि
(b) सैन्य अधिकारियों को समनुदेशित विभिन्न प्रादेशिक इकाइयों से प्राप्त भू-राजस्व
(c) शैक्षिक और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के लिए दान
(d) जमींदार के अधिकार

95. निम्नलिखित में से कौनसी एक पुस्तक अकबर के दरबार के चित्रों से सज्जित ***नहीं*** थी ?

(a) *हम्ज़ानामा*
(b) *रज़्मनामा*
(c) *बाबरनामा*
(d) *तारीख़-ए-अल्फ़ी*

96. निम्नलिखित में से कौनसी 'सार्वजनिक वस्तु' ***नहीं*** है ?

(a) बिजली
(b) राष्ट्रीय रक्षा
(c) प्रकाश स्तंभ
(d) सार्वजनिक उद्यान

97. निम्नलिखित में से कौनसा एक, द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-57 से 1960-61) के उद्देश्यों में से ***नहीं*** है ?

(a) बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष बल के साथ तेजी से औद्योगीकरण
(b) रोजगार के अवसरों का व्यापक विस्तार
(c) खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना तथा उद्योग और निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि उत्पादन को बढ़ाना
(d) आय और संपत्ति में असमानताओं को घटाना और आर्थिक शक्ति का अपेक्षाकृत अधिक समरूप वितरण

98. राष्ट्रीय बाल नीति, 2013, कितनी आयु से नीचे के प्रत्येक व्यक्ति को बालक मानती है ?

(a) 12 वर्ष
(b) 14 वर्ष
(c) 16 वर्ष
(d) 18 वर्ष

99. Which one of the following is *not* a monitorable target of the *Beti Bachao Beti Padhao Abhiyan* ?

(a) Provide girls' toilet in every school in 100 Child Sex Ratio (CSR) districts by the year 2017

(b) 100 percent girls' enrolment in secondary education by the year 2020

(c) Promote a protective environment for girl children through implementation of Protection of Children from Sexual Offences (POCSO)Act, 2012

(d) Train Elected Representatives / Grassroot functionaries as Community Champions to mobilize communities to improve CSR and promote girl's education

100. Which one of the following is ***not*** an objective of the *Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan* (RUSA)?

(a) Improve the overall quality of private educational institutions

(b) Ensure reforms in the affiliation, academic and examination systems

(c) Correct regional imbalances in access to higher education

(d) Create an enabling atmosphere in the higher educational institutions to devote themselves to research and innovations

101. Which of the following statements with regard to preventive detention in India is / are correct ?

1. The detenue has no rights other than those mentioned in clauses (4) and (5) of Article 22 of Constitution of India

2. The detenue has a right to challenge the detention order on the ground that he was already in jail when the detention order was passed

3. The detenue can claim bail on the ground that he has been in prison beyond twenty-four hours without an order of the magistrate

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

102. A Member of Lok Sabha does ***not*** become disqualified to continue as a Member of the House if the Member :

(a) voluntarily gives up his / her membership of the political party from which he / she was elected

(b) is expelled by the political party from which he / she had been elected to the House

(c) joins a political party after being elected as an independent candidate

(d) abstains from voting contrary to the direction by his / her political party

103. Which one of the following languages is ***not*** recognized in the Eighth Schedule to the Constitution of India ?

(a) English

(b) Sanskrit

(c) Urdu

(d) Nepali

104. Which kingdom did the temple of Hazara Rama belong to ?

(a) Avadh

(b) Travancore

(c) Vijayanagara

(d) Ahom

105. Consider the following statements about votive inscriptions in the second century BC :

1. They record gifts made to religious institutions

2. They tell us about the idea of transference of the meritorious results of the action of one person to another person

Which of the statements given above is / are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2



(Contd.)

99. निम्नलिखित में से कौनसा एक, *'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान'* का मॉनीटर किया जाने वाला लक्ष्य ***नहीं*** है ?

(a) वर्ष 2017 तक 100 बाल लिंग अनुपात (CSR) वाले जिलों में प्रत्येक विद्यालय में बालिकाओं के लिए शौचालय उपलब्ध कराना

(b) वर्ष 2020 तक माध्यमिक शिक्षा में 100 प्रतिशत बालिकाओं का नामांकन

(c) बाल यौन अपराध संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के कार्यान्वयन द्वारा बालिकाओं के लिए संरक्षण के परिवेश का संवर्धन

(d) निर्वाचित प्रतिनिधियों/आधारिक कार्यकर्ताओं को समुदाय के हितैषियों (कम्यूनिटी चैंपियन) के रूप में प्रशिक्षित करना ताकि वे समुदायों को CSR बेहतर बनाने तथा बालिकाओं के शिक्षा के संवर्धन के लिए संघटित करें

100. निम्नलिखित में से कौनसा एक, *'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान* (RUSA)' का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(a) निजी शिक्षा संस्थानों की समग्र गुणवत्ता को बेहतर बनाना

(b) संबंधन, शैक्षिक और परीक्षा व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करना

(c) उच्चतर शिक्षा तक पहुँच में क्षेत्रीय असंतुलन को सुधारना

(d) शोध और नवप्रवर्तनों हेतु स्वयं को समर्पित करने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों में सामर्थ्यकारी माहौल निर्मित करना

101. भारत में निवारक निरोध के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. निरुद्ध व्यक्ति को, भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 के खंड (4) और (5) में उल्लिखित अधिकारों के सिवाय कोई अधिकार नहीं है

2. निरुद्ध व्यक्ति को निरोधादेश को इस आधार पर चुनौती देने का अधिकार है कि जब निरोधादेश पारित किया गया था, वह उससे पहले से ही जेल में था

3. निरुद्ध व्यक्ति इस आधार पर जमानत का दावा कर सकता है कि वह मैजिस्ट्रेट के किसी आदेश के बिना ही चौबीस घंटों से अधिक कारागार में रह चुका है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

102. लोकसभा का कोई सदस्य सदन का सदस्य बने रहने से निरर्हित ***नहीं*** हो जाता, यदि वह सदस्य :

(a) जिस राजनीतिक दल से निर्वाचित होकर आया था/आयी थी, उससे स्वैच्छिक रूप से अपनी सदस्यता छोड़ देता/देती है

(b) जिस राजनीतिक दल से सदन में निर्वाचित हुआ था/हुई थी, उससे निष्कासित कर दिया गया/दी गई हो

(c) एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात् किसी राजनीतिक दल में सम्मिलित हो जाता है

(d) अपने राजनीतिक दल द्वारा दिए गए निदेश के विपरीत मतदान से प्रविरत रहता हो

103. निम्नलिखित भाषाओं में से किस एक को, भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता ***नहीं*** दी गई है ?

(a) अंग्रेजी

(b) संस्कृत

(c) उर्दू

(d) नेपाली

104. हज़ारा राम मंदिर किस राज्य में था ?

(a) अवध

(b) त्रावणकोर

(c) विजयनगर

(d) अहोम

105. दूसरी शताब्दी BC में संकल्पित लेखों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उनमें धार्मिक संस्थाओं को दिए गए उपहारों का अभिलेख है

2. वे एक व्यक्ति के कार्य के सराहनीय परिणामों का अन्य व्यक्ति में अन्यारोपण होने के विचार के बारे में बताते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

106. Consider the following statements :

1. Abhinavagupta wrote a comprehensive treatise called the *Tantraloka* which systematically presents the teachings of the *Kula* and *Trika* systems
2. The *Samaraichchakaha* by Haribhadra Suri written in Gujarat around the eighth century is technically not a tantric work but is saturated with tantric ideas and practices

Which of the statements given above is / are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

107. Which of the following is/are example(s) of 'Near Money' ?

1. Treasury Bill
2. Credit Card
3. Savings accounts and small time deposits
4. Retail money market mutual funds

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1, 3 and 4

108. Which one of the following terms is used in Economics to denote a technique for avoiding a risk by making a counteracting transaction ?

(a) Dumping
(b) Hedging
(c) Discounting
(d) Deflating

109. 'Citizenfour', the 87th Academy Award winner in the category of documentary feature, is based on the life of :

(a) Abraham Lincoln
(b) Albert Einstein
(c) Edward Snowden
(d) Laura Poitras

110. Which one of the following is ***not*** a thrust area in the Railway Budget 2015-16 ?

(a) Online booking of disposable bed rolls
(b) Defence Travel System to eliminate Warrants
(c) 180 days in advance ticket booking facility for passengers
(d) Bio-toilets

111. Which one of the following services of India Post has permanently been discontinued ?

(a) Money Order
(b) Telegram
(c) Postal Life Insurance
(d) Inland Letter

112. The category of 'Overseas Citizens of India' was entered in the Citizenship Act of India through an amendment in the year :

(a) 1986
(b) 1992
(c) 1996
(d) 2003

113. The Right to Education was added to the Fundamental Rights in the Constitution of India through the :

(a) Constitution (86th Amendment) Act, 2002
(b) Constitution (93rd Amendment) Act, 2005
(c) Constitution (87th Amendment) Act, 2003
(d) Constitution (97th Amendment) Act, 2011



(Contd.)

106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अभिनवगुप्त ने *'तंत्रलोक'* नामक एक व्यापक प्रबंध लिखा जो *'कुल'* और *'त्रिक'* तंत्रों की शिक्षाओं को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करता है
2. आठवीं शताब्दी के आसपास गुजरात में हरिभद्र सूरि द्वारा लिखित *'समरैच्चकहा'* तकनीकी रूप से कोई तांत्रिक कृति नहीं है परन्तु तांत्रिक विचारों और प्रथाओं से शराबोर है

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

107. निम्नलिखित में से कौनसा/से 'द्रव्यवत् प्रपत्र' का/के उदाहरण है/हैं ?

1. कोष पत्र
2. क्रेडिट कार्ड
3. बचत खाते तथा अल्पावधि जमाएँ
4. खुदरा मुद्रा बाजार के म्यूचुअल फंड

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) 1, 3 और 4

108. निम्नलिखित शब्दों में से कौनसा एक, अर्थशास्त्र में प्रतिरोधी संव्यवहार द्वारा जोखिम के परिहार की तकनीक के लिए प्रयुक्त होता है ?

(a) बाजार पाटना

(b) हेजिंग करना

(c) बट्टेदारी (डिस्काउन्टिंग) करना

(d) अवस्फीति करना

109. वृत्त रूपक की श्रेणी में 87वाँ अकादमी अवार्ड जीतनेवाला, 'सिटिज़नफोर' किसके जीवन पर आधारित है ?

(a) अब्राहम लिंकन

(b) अलबर्ट आइन्सटाइन

(c) एडवर्ड स्नोडेन

(d) लॉरा प्वात्रा

110. निम्नलिखित में से कौनसा एक क्षेत्र उनमें से ***नहीं*** है जिनपर 2015-16 के रेल बजट में अधिक बल दिया गया है ?

(a) डिस्पोजेबल बिस्तरों की ऑनलाइन बुकिंग

(b) अधिपत्रों के निरसन हेतु रक्षा यात्रा प्रणाली

(c) यात्रियों के लिए 180 दिन पहले टिकट बुकिंग की सुविधा

(d) जैव-शौचालय

111. इंडिया पोस्ट की निम्नलिखित सेवाओं में से किस एक को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है ?

(a) मनी-आर्डर

(b) तार

(c) डाक जीवन बीमा

(d) अंतर्देशीय पत्र

112. 'भारत के प्रवासी नागरिक' की श्रेणी भारत के नागरिकता अधिनियम में संशोधन द्वारा किस वर्ष में प्रविष्ट की गई ?

(a) 1986

(b) 1992

(c) 1996

(d) 2003

113. शिक्षा का अधिकार, भारत के संविधान में मूल अधिकारों में किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया ?

(a) संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम, 2002

(b) संविधान (93वाँ संशोधन) अधिनियम, 2005

(c) संविधान (87वाँ संशोधन) अधिनियम, 2003

(d) संविधान (97वाँ संशोधन) अधिनियम, 2011



(Contd.)

114. Consider the following statements :

1. The inscriptions on the pillar at Rummindei give vivid details of Ashoka's *Dhamma*
2. The Nigalisagar inscription records the fact of Ashoka having visited the Konagamana stupa

Which of the statements given above is / are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

115. Consider the following statements :

1. The province of Assam was created in the year 1911
2. Eleven districts comprising Assam were separated from the Lieutenant Governorship of Bengal and established as an independent administration under a Chief Commissioner in the year 1874

Which of the statements given above is / are correct?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

116. Which of the following statements is / are true ?

1. Faxian's *Gaoseng Faxian Zhuan* was the earliest first-hand Chinese account of Buddhist sites and practices in India
2. Faxian was only 25 years old at the time of writing the text
3. Faxian's main aim in coming to India was to obtain and take back texts containing monastic rules

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 3 only

117. Which of the following statements are correct ?

1. Ability to pay principle of taxation holds that the amount of taxes people pay should relate to their income or wealth
2. The Benefit Principle of taxation states that individuals should be taxed in proportion to the benefit they receive from Government programmes
3. A progressive tax takes a larger share of tax from poor families than it does from rich families
4. Indirect taxes have the advantage of being cheaper and easier to collect

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

118. Which of the following statement(s) is /are ***false*** ?

1. Wage Boards are tripartite in nature, with representatives from workers, employers and independent members
2. Except for the Wage Boards for Journalists and Non-Journalists, all the other wage boards are statutory in nature
3. Second National Commission on Labour has recommended against the utility of wage boards

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

119. The rank of Major General in Indian Army is equivalent to :

(a) Air Marshal in Indian Air Force
(b) Rear Admiral in Indian Navy
(c) Air Commodore in Indian Air Force
(d) Commodore in Indian Navy

120. Among the currently operational Indian Satellites, there is ***no*** :

(a) Communication satellite
(b) Navigation satellite
(c) Earth observation satellite
(d) Jupiter orbiter satellite

114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रुम्मिनदेई के स्तंभ पर उत्कीर्ण लेख अशोक के '*धम्म*' का सुस्पष्ट विवरण देते हैं
2. निगलिसागर शिलालेख अशोक द्वारा कोणगमन स्तूप की यात्रा किए जाने के तथ्य का अभिलेख करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

115. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. असम प्रांत वर्ष 1911 में सृजित किया गया था
2. वर्ष 1874 में, असम के अंतर्गत के 11 जिले बंगाल की लेफ्टिनैंट गवर्नरी में से पृथक कर दिए गए और एक चीफ कमिश्नर के अधीन स्वतंत्र प्रशासन के रूप में स्थापित किए गए

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

116. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सत्य है/हैं ?

1. फाहियान का '*गाओसेंग फाहियान झुआन*' भारत में बौद्ध स्थलों और प्रथाओं का आद्यतम आँखों देखा चीनी विवरण था
2. यह ग्रंथ लिखते समय फाहियान सिर्फ 25 वर्ष का था
3. फाहियान के भारत आने का प्रमुख उद्देश्य उन ग्रंथों को प्राप्त करना और वापस ले जाना था जिनमें मठ के नियम अंतर्विष्ट थे

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

117. निम्नलिखित कथनों में से कौनसे सही हैं ?

1. कराधान का भुगतान के सामर्थ्य का सिद्धांत यह मानता है कि लोग करों की जिस राशि का भुगतान करते हैं, वह उनके आय या संपत्ति के सापेक्ष होनी चाहिए
2. कराधान का हित-लाभ सिद्धांत यह बताता है कि व्यक्तियों पर कर, सरकारी कार्यक्रमों से उन्हें मिलने वाले हित-लाभ के अनुपात में लगाया जाना चाहिए
3. वर्धमान कर धनी परिवारों से कर का जितना भाग लेता है, निर्धन परिवारों से उसकी अपेक्षा अधिक भाग प्राप्त करता है
4. अप्रत्यक्ष करों का लाभ यह है कि वे अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं और आसानी से उगाहे जाते हैं

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

118. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से ***असत्य*** है/हैं ?

1. मजदूरी बोर्ड त्रिपक्षीय स्वरूप के होते हैं, जिनमें कामगारों, नियोक्ताओं और स्वतंत्र सदस्यों में से प्रतिनिधि होते हैं
2. पत्रकारों और गैर-पत्रकारों के मजदूरी बोर्डों के सिवाय अन्य सभी मजदूरी बोर्ड सांविधिक स्वरूप के होते हैं
3. द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग ने मजदूरी बोर्डों की उपयोगिता के विरुद्ध अनुशंसा दी है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

119. भारतीय सेना में मेज़र जनरल का रैंक किसके समतुल्य है ?

(a) भारतीय वायु सेना में एयर मार्शल
(b) भारतीय नौसेना में रियर एडमिरल
(c) भारतीय वायु सेना में एयर कमोडोर
(d) भारतीय नौसेना में कमोडोर

120. वर्तमान में प्रचलित भारतीय उपग्रहों में कोई भी :

(a) संचार उपग्रह ***नहीं*** है
(b) संचालन उपग्रह ***नहीं*** है
(c) पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह ***नहीं*** है
(d) बृहस्पति कक्षीय उपग्रह ***नहीं*** है

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे कार्य के लिये

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे कार्य के लिये

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : **B–ABPA–P–KOR**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 100

अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जायेगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Note :** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.